amaan.cooldude18
राज
कॉमिक्स
मूल्य 15.00 संख्या 320
नागराज और
जादू का शहंशाह
मुफ्त
नागराज का एक पोस्टर

लेखक : तरुणकुमार वाही चित्रांकन : प्रताप मुळीक संपादन : मनीषचंद्र गुप्त

विश्व के कई आश्चर्यों में से एक इजिप्ट के पिरामिड व स्फिंक्स

पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण !

पॉलीथिन से निर्मित स्फिंक्स की प्रतिकृति 55 फुट का बैलून जो असली स्फिंक्स के ऊपर उड़ाया गया !

जिस पर पड़ीं कई बुरी निगाहें –

धांय धांय

धांय

इस बैलून पर हमारा कब्जा है !

पर पुलिस के रहते क्या ये सम्भव था ?

धांय धांय

हैण्ड्स अप !

आह

पुलिस !

आज तो बुरे फंसे स्फिंक्स के चक्कर में !

हमारा बॉस रॉबरी-सम्राट हम्बूराबी इस नाकामयाबी की सजा मौत देगा।

तभी जैसे जादू हुआ—
अरे!
कैदी कहां गए?
लुटेरे थे या भूत!!
जादू!
पर्यटक अपनी आंखें मलने के लिए मजबूर हो गये—
क्या पुलिस ने जादू से कैदियों को जेल भेज दिया?
ये जादू मुझे भी सीखना पड़ेगा, जेब काटो और हो जाओ छू-मंतर।

स्थान, इजिप्ट! शहर-काहिरा! रईस बिन बिन जुलाब!!!
सर! आप फिक्र मत कीजिए बुम्मलका यहां आकर वापस नहीं जाएगा, पुलिस ने बंगले को चारों ओर से घेर रखा है।
बुम्मलका रैंटोकैटो का आदमी है! वह मुझे गोली मारे बिना नहीं मरेगा--
--मेरी मति मारी गई थी, जो रैंटोकैटो को दस लाख देने से मना किया।
हुहुहु!
अरे!
रईस बिनबिन जुलाब चौंक पड़ा

एक सींक-सा मानव रोशनदान पर लहराया था।

आ गया बूम्मलका! अब मेरा क्या होगा इंस्पेक्टर!

धाड़

हा हा हा! बूम्मलका हवा के झोंके की तरह आता है।

ओह

बूम्मलका के रिवॉल्वर की नाल घूमी रईस की ओर।

नहींऽऽऽ

लेकिन गोली नहीं चली। चला जादू-

??

बूम्मलका हो गया गायब! कहां, कैसे?

तभी —
अब ये खिलौने पहुंचेंगे पुलिस स्टेशन और तुम सब पहुंचोगे जेल।
बदमाशों के हथियार हरकत में आते, उससे पहले चलीं पुलिस की गोलियां—
धांय धांय धांय
हर फायर के साथ हुआ एक चमत्कार भी!
धांय
धांय-धांय
इजिप्ट पुलिस के मुंह भाड़ से खुलने के स्थान पर और कर भी क्या सकते थे!
समूचा दल ही गायब!
जादू की गोलियां चलाई थीं क्या हमने
इन घटनाओं का आतंक चढ़ रहा था इजिप्ट के छंटे हुए अपराधियों के सिर —
रॉबरी सम्राट हम्बू राबी —
??
स्फिंक्स पर कब्जा करने आए लुटेरे एकाएक पुलिस की हिरासत से गायब!
पेशेवर कातिल रैंटो कैंटो।
रईस बिनबिन जुलाब को खत्म करने आया बूम्मलका गायब!

गोल्ड स्मगलर माचू-पीचू।
ये तो तिलिस्मदेव की कहानी लगती है मुझे।
काहिरा टाइम्स
इजिप्ट पुलिस का सिरदर्द! शातिर अपराधी हुए गायब
ड्रग सम्राट ड्रंकन डी-गा!
हिच्च! ड्रंकन डी-गा का ट्रक पकड़ा गया! और... ये क्या लिखा है।
गोली लगने से पहले मेरे आदमी हो गये गायब।
सारा नशा उतर गया मेरा तो! एक घूंट भर लूं पहले। हिच्च।

अज्ञात शक्ति से डरे हुए शातिरों की गोलमेज मीटिंग होटल अल गज़ीरा में—
कोई जादूगर हम शरीफ आदमियों के पीछे पड़ गया है।
अभी हमारे आदमी गए, कल हमारा भी नंबर आ सकता है।
और पता नहीं वहां पीने को मिलेगी या नहीं, हिच्च।
इस मुसीबत से हमें एक शख्स बचा सकता है।
EL-GEZIRAH
कौन?

नागराज! अपराधियों का दुश्मन नागराज!
मेरा तो नशा ही उतर गया ये नाम सुनकर एक घूंट पी लूं पहले। हिच्च।
नागराज!
हां नागराज, क्योंकि नागराज के द्वारा वे उस रहस्यमय अपराधी से छुटकारा पा सकते थे जो उनके लिये सिर दर्द बना हुआ था।

नागराज जिसका सफर अनन्त है। चीन से चला तो पहुंचा इजिप्ट।
यूसुफ बिन अली खान... कोया-कोया हितेची... तूफानजू... अब अपराधियों का मसीहा तूतेनखामेन!

...उम्र हजार साल! खुद को बताता है पिरामिडों से निकला फराहो राजा तूतेन खामेन! हुअं।
AIR PORT
नागराज की सोचों को लगा एक तीव्र झटका —
आह!
ओह!
दूसरे ही पल चौंका नागराज —
अरे!
लड़की नागिन में बदलकर नागराज के ओवरकोट की जेब में रेंग गई —
इच्छाधारी नागिन थी ये तो! लेकिन ये इतनी घबराई हुई क्यों थी?
कारण जल्द ही नागराज के सामने था —
कहां गई?
इससे टकराते हुए देखा था मैंने
हिच्च!
बदकिस्मती उन चारों की, कि वे ओवरकोट में होने के कारण उसे पहचान नहीं पाये जिसकी उन्हें तलाश थी।
इसके कपड़ों की तलाशी लो।
??
हिलना मत!
हिच्च

नागराज नहीं हिला। हिले तलाशी लेने वाले !

हिच्च, मेरा तो नशा ही उतर गया सांप ही सांप देखकर!

क्यों बच्चो? तलाशी नहीं लोगे मेरी?

गोली मार दो इसे।

बचाओ! मुझे डस लेगा ये, हिच्च

नागराज गोली से पहले पहुंचा —

सफर की थकान के बाद थोड़ी कसरत ही सही।

ठाक

इसे काटकर यहीं फेंकता हूं।

रैंटोकैटो का हाथ घूमा —

ब्लेड से भी तेज हैं मेरे खंजर

और फौलाद से भी मजबूत हैं ये हाथ।

उफ

ओह

रैंटोकैटो ने निकाल लिया अपना विशेष हथियार हण्टर।
इस हण्टर के आगे बड़े-बड़े सूरमा कटकट कर गिरते हैं।
सड़ाक
आह
राबरी सम्राट हम्बूराबी, गोल्डमैन माचूपीचू और ड्रंकन ड्रीन्गा देख रहे थे वह तमाशा —
ये तो रैंटोकैटो से टकरा गया।
अब कटकर गिरेगा बस!
एक घूंट लेलूं मैं तो... हिच्च!
इधर नागराज की कलाई से लिपट गया हण्टर —
नागराज की कलाई की हल्की सी हरकत, और —
नागराज का शक्तिशाली वार।

उसने तो पछाड़ दिया रैंटो को!
एक घूंट और चढ़ा लूं।
गोल्डमैन माचू-पीचू और हम्बूराबी आगे बढ़े—
इसे खत्म करने में देर नहीं करनी चाहिए।
गोल्डमैन माचू-पीचू का तेज धार वाला चक्र हवा में लहराया नागराज की ओर—
सर्रर्रर्र
उफ! एक पल की भी देर हो जाती तो ये मेरा सिर धड़ से जुदा कर डालता।
सक्
धांय
धांय
हम्बूराबी ने इसी पल कई फायर झोंक मारे। नागराज उतनी ही फुर्ती से बचा—
धांय धांय धांय

न केवल बचा, बल्कि —
धाड़
आह !
और —
ये तो मेरा नशा ही उतारे दे रहे हैं।
ड्रंकन डी-गा। ड्रंकन-स्टाइल का माहिर —
ड्रंकन डी-गा के स्टाइल से नहीं जीत पायेगा तू।
शराबी की तरह झूमते हुए ड्रंकन डी-गा एकाएक लड़खड़ाया —
और घूमी उसकी लात —
ठाक
खतरनाक ड्रंकन स्टाइल से लड़ेगा ये।
ड्रंकन डी-गा पुनः लहराया शराबी की तरह —
झूम बराबर झूम शराबी ... हिच्च !

लेकिन इस बार नागराज खुद भी लड़खड़ा रहा था शराबी की तरह –

डूंकन स्टाइल ही इस स्टाइल का तोड़ है।

डूंकन डी-गा के लिए नागराज का वह वार असहनीय होगया –

आह

चारों को कुछ ही पलों में धराशायी कर दिया!

ये है कौन ?

मेरा तो नशा ही उतर गया। बह्ह और बोतल भी खाली है।

??

नागराज ने उन सब को बांधा और –

तुम चारों का पुलन्दा बांध कर भेजूंगा पुलिस स्टेशन।

और तभी चमत्कृत रह गया नागराज!

गायब!

खोपड़ी घूम गई उसकी –

जादू या कुछ और!

कल अखबार में पढ़ा था तो यकीन नहीं हुआ था, अब हो गया।

अभी आपने कुछ कहा था मिस्टर

हां, शहर में खलबली मची है। हथकड़ी तक से गायब हो गए अपराधी और आज फिर ---

नागराज के लिए वह जानकारी चौंकाने वाली थी।

तब –

इस बात में अवश्य ही कोई रहस्य है! कहीं शैतान तूतेन खामेन ही तो यह सब नहीं कर रहा है।

और वह इच्छाधारी नागिन कौन है? मुझे इसका पता लगाना होगा।

अपराधियों का मसीहा --- तूतेन खामेन! एक आम धारणा थी कि यह अदृश्य मानव था। खुद वह अपनी उम्र हजार साल बताता है। खुद को कहता है पिरामिडों से निकला फराहो राजा तूतेन खामेन!

ग्रेट तूतेन खामेन

पिरामिडों का फराहो राजा तूतेन खामेन?

यह यहां क्या कर रहा है?

ओह! अब समझ में आ रही है मुझे अपने गायब होने की कहानी!

तूतेन खामेन के दरबार में आपका स्वागत है मित्रो!

इजिप्शन: इजिप्ट (मिस्र) के वासी

क्या आपने कभी कल्पना की है कि सैकड़ों बरस पुरानी ममियां जीवित भी हो सकती हैं?

अलम्भव।

नामुमकिन।

इस असम्भव और नामुमकिन को सम्भव करने के लिए ही मैं तुम्हें गायब करके यहां लाया हूं।

ग्रेट तूतेन खामेन ने लगाया एक खौफनाक अट्टहास जो चैम्बर्स में कैद सभी कैदियों की रीढ़ तक में सनसनी मचा गया —

हाहाहा

क्या अब भी नहीं समझे तुम लोग?

मैं तुम लोगों की आत्माओं को इन ममियों में ट्रांसप्लांट करूंगा।

पिरामिडों में दबी सैकड़ों ममियों को जीवित करके तूतेन फोर्स बनाऊंगा जो अमर होगी।

हा हा हा क्योंकि आत्माएं कभी मरा नहीं करतीं।

ग्रेट तूतेन खामेन ने यह कहकर मानो धमाका किया।

हा हा हा हा हा और तब होगा सिर्फ ग्रेट तूतेन खामेन का साम्राज्य।
उफ! ये तो पूरा शैतान है। क्या ये अपने मकसद में कामयाब होगा?
उधर एक सुरक्षित स्थान देखकर रुका नागराज—
चलो अब बाहर निकलो
ओवरकोट उतारकर नागराज आ गया अपने असली रूप में—
अब तुम भी इन्सानी रूप में वापस आ जाओ।
अभी लो नागराज!
अब बताओ कि तुम कौन हो? और वे बदमाश तुम्हारे पीछे क्यों लगे थे?
वे मेरे पीछे नहीं नागराज, बल्कि तुम्हारे पीछे लगे हैं।
??
मेरा नाम सोडांगी है नागराज! पिरामिडों के नीचे बनी हजारों हजार रहस्य-मय गुफाएं मेरा निवास हैं।

अक्सर इन गुफाओं से ऊबकर मैं मानवी रूप धारण कर शहर की चकाचौंध में रमने का प्रयास करती हूं।
अपने इसी दुःसाहस के कारण आज मैं संकट में फंस गई।
न जाने कब उस सपेरे ने मुझ पर जादू कर दिया—
पीईऽऽऽऽऽऽऽ
आह!
मैं उसके चंगुल में फंस गई—
कई दिनों से था किसी इच्छाधारी नाग या नागिन की तलाश में।
तुझे बेचकर दो लाख कमाऊंगा।
सपेरे ने मुझे उन लोगों तक पहुंचा दिया।
सुना है इच्छाधारी नाग अथवा नागिन दुनिया के किसी कोने से भी नागराज से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।
ये नागिन अब हमें पहुंचाएगी नागराज तक।
सुना है बड़ी कंटीली है ये नागिन हिच्च!

००बस यही गलती कर गया वह ०००

ओह! ये तो वाकई कंटीली निकली! हिच्च!

हिस्स

सोडांगी को नहीं छू पाओगे तुम!

००इस प्रकार मैं निकल भागी उनकी कैद से ०००

०० नागराज! अगर तुम समय पर न पहुंच आते तो मेरा बचना मुश्किल था।

ओह!

लेकिन वो मुझे क्यों ढूंढ रहे थे? मुझसे तो दूर भागते हैं सभी अपराधी

क्या तुम तूतेन खामेन नाम के किसी शैतान को जानती हो, जो खुद को पिरामिडों से निकला फराहो राजा कहता है ?
क्या तुम जानती हो उसे सौडांगी?
नहीं, लेकिन मैं तुम्हें वहां तक पहुंचा अवश्य सकती हूं...
ग्रेट तूतेन खामेन।
...ग्रेट तूतेन खामेन का रहस्यमय संसार उन्हीं पिरामिडों के नीचे निर्मित है नागराज!
तब–
तुम्हें एक बार फिर मेरे जिस्म को अपना निवास स्थान बनाना होगा सौडांगी!
...क्योंकि इस रूप में अगर तुम मेरे साथ रही तो शायद मैं अपना काम निर्विघ्न पूरा ना कर सकूंगा।
ओह!
नागराज के शरीर में वास करने वाले सैकड़ों हजारों सांपों की संख्या में एक और नाम जुड़ गया...
...सौडांगी का।
ग्रेट तूतेन खामेन का दरबार –
अब मैं तुम सब की आत्माओं को ममियों में प्रविष्ट कराऊंगा।

जादू के उस शहंशाह ने न जाने क्या किया कि —

माचू-पीचू की आत्मा समा गई एक ममी में —

ममी अब बन गई गोल्डमैन माचू-पीचू —

रॉबरी सम्राट हम्बू राबी —

पेशेवर कातिल रैंटोकैटो —

ड्रग सम्राट ड्रंकन डी-गा —

हिच्च!

ग्रेट तूतेन खामेन मुस्करा उठा अपनी कामयाबी पर —

अब तुम तब तक जीवित हो जब तक तुम्हारे शरीर नष्ट नहीं हो जाते।

आप महान हैं ग्रेट तूतेन खामेन!

आज मैं दुनिया को दिखाऊंगा एक महान आश्चर्य! जिसके आगे विश्व के सातों आश्चर्य भी हो जायेंगे बौने साबित!

बैंक ऑफ कॉमर्स की हीलियो पोलिस शाखा —

BANK OF COMMERCE

बैंक लुटेरों का अनोखा रूप!

पुलिस को देखते ही नशा उतर जाता था मेरा तो!

BTM-210

लेकिन आज ...
हिच्च ! नशा चढ़ रहा है और ज्यादा। हिच्च।

आश्चर्य से मुंह बाए खड़े पुलिस ऑफिसर के मुंह में घुस गई एक शैतान मक्खी। जिसे थूककर चीख पड़ा वो —

फायर

कई गोलियां उन अनोखे लुटेरों के अनोखे जिस्मों से टकराईं —

वे फिर भी बढ़े चले गए —

गोलियों का असर नहीं।

गोली लगी पर खून की एक बूंद तक न बही।

सरकार ने हमें नकली गोलियां दी हुई हैं शायद।

तूतेन-खामेन ने देखा वह एक-एक दृश्य

ग्रेट तूतेन खामेन के सेना नायक अपनी पहली जीत दर्ज करके लौट रहे हैं।

इसी के साथ ही वह चौंका भी।

नागराज!

नागराज यहां ?
पुलिस से तो बच निकले तुम सब। अब मुझसे बचो।
ये चारों कुछ जाने-पहचाने से क्यों लग रहे हैं ?
नागराज !
गोल्ड मैन माचू-पीचू की फेंकी साक्षात मौत हवा में सनसनाई —
पिछली बार तो बच गया था मेरे चक्र से अब नहीं बचेगा तू !
ये वार मैं पहले भी झेल चुका हूं।
रैंटो कैटो के कई खंजर एक साथ लपके नागराज की ओर —
हम्बूराबी की गोलियां भी बचा गया नागराज —
ड्रंकन डींगा लड़खड़ाया शराबी की तरह —
और पहचान गया नागराज उन सबको —
ओह, याद आया ये चारों तो वही हैं।

मगर इस रूप में! चक्कर क्या है?

खैर! पहले इनसे निबट तो लूं।
मेरे एक ही घूंसे में बिन पिए शराबी की तरह झूमेगा ये। हिच्च!

नागराज ने जम्प ली —
और अचानक चारों गायब हो गए
धड़!
ओह!
गायब होकर इनका इस रूप में लौटना रहस्यमय है।
फलस्वरूप नागराज टकराया सिर्फ एक पेड़ से —

कुछ ही देर बाद, सौडांगी सरसराई —
नागराज! इस समय हम पिरामिडों के पास मौजूद हैं।
ये हैं वे पिरामिड, जो आज भी दुनिया के लिए एक रहस्य बने हुए हैं।

...और मेरे लिए रहस्य बना हुआ है तूतेनखामेन।
न जाने शैतान पिरामिडों में बैठा क्या खिचड़ी पका रहा है?

नागराज! इस गुफा से हम पिरामिडों के रहस्यमय संसार में प्रवेश करेंगे!
लेकिन प्रवेश किया केवल सौडांगी ने-
नागराज
क्योंकि नागराज एकाएक हो गया गायब।
नागराज! कहां हो तुम?
ग्रेट तूतेन खामेन के दरबार में पहुंच चुका था नागराज —
ग्रेट तूतेन खामेन के दरबार में तुम्हारा स्वागत है नागराज!
नकली सर रॉबर्ट* की नीलामी में भी तुम विवश थे नागराज! इसलिए तूतेन-खामेन तुमसे नहीं लड़ा था।
शैतान तूतेन खामेन!
* यह सब जानने के लिए पढ़ें 'नागराज और बौना शैतान' और 'ताजमहल की चोरी'

और यहां भी तुम मेरी कैद में विवश ही हो। हां, अगर तुम मेरी कैद से छूट सके तो तुम्हें जंग का पूरा मौका दूंगा मैं।
मैं तुझे खत्म करने यहां आया हूं तूतेन खामेन!...
...और आज तक नागराज अपने मिशन में असफल नहीं हुआ।
ग्रेट तूतेन खामेन ...उन फराहों का राजा! जिन्होंने दुनिया पर हजारों बरसों तक राज किया... कभी खत्म नहीं होगा!
ग्रेट तूतेन खामेन अपनी अद्भुत TOOTEN FORCE के साथ तुम मानवों पर भी राज करेगा।
नागराज! ये ममी मैंने तुम्हारे लिए ही बनाई है।
तूतेन खामेन का जादू चला—
आह

नागराज की आत्मा चली उस ममी की ओर—
तूतेन खामेन के चेहरे पर मंडरा रही थी कामयाबी की जबरदस्त खुशी —
नागराज ! ममी के रूप में अब तुम्हारी शक्तियों का इस्तेमाल ग्रेट तूतेनखामेन करेगा।
ठीक इसी पल लपलपाईं भयंकर विष-फुंकारें —
फं ऽऽऽऽ
सैकड़ों विषधरों का भयंकर विष ! ममी कांच सहित मोम की तरह पिघली —
जादू टूटा और नागराज की आत्मा तेजी से समा गई वापस नागराज के जिस्म में — ..
उंह !
सब कुछ हुआ पलक झपकते ही, नजर आई सौडांगी, पिरामिडों में वास कर रहे सैकड़ों सर्पों के साथ।
नागराज ! खत्म कर दो इस शैतान को।
नागराज शीशे का केबिन तोड़कर बाहर आ चुका था।

तूतेन खामेन ! देख, मैं स्वतंत्र हो गया तेरी कैद से !
तुझे जंग का पूरा मौका दूंगा मैं नागराज !
लेकिन पहले Tooten Force से निबट लो !
नागराज सर्प रस्सी पर लहराया —
नागराज तुम्हारी ताकत भी आजमायेगा, आओ !
तुम्हारा मुकाबला किसी साधारण मानव से नहीं नागराज से है।
भड़ाक
सौडांगी भी अपनी शक्ति एकत्रित कर टूट पड़ी —
मैं पत्थर से भी चिपट जाऊं तो छलनी बना दूं उसे भी।

नागराज की पत्थर को भी पिघला देने वाली भयंकर विषफुंकार —
तुम हर बार बच निकले नागराज के हाथों। अब नहीं बचोगे।
बस नागराज! तुम्हें मेरी सेना का नायक बनना है। तुम्हारे हाथों अपनी ही सेना का वध और नहीं होने दूंगा।
तूतेन-खामेन का हाथ बढ़ा अपने मुखौटे की ओर, तभी चीख पड़ी सौदागी —
इसकी शक्ति का राज यही मुखौटा है नागराज।
नागराज की सर्प सेना पलक झपकते ही ले उड़ी तूतेन का मुखौटा —
ग्रेट तूतेन खामेन का सिंहासन उठा हवा में —
नागराज ने जम्प ली। हाथ आया तूतेन खामेन के जिस्म पर लिपटी पट्टी का एक कोना —
तुझे फरार नहीं होने दूंगा तूतेन खामेन।

नागराज तूतेन खामेन की बाधियां उधेड़ता चला गया।

जादू!

जादू का शहंशाह ही तो निकला तूतेन -खामेन —

??

??

मुद्रक : जापान आर्ट प्रैस